आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 31.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिए।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने रोगों के समुचित उपचार की दवाओं का तेजी से पता लगाने के लिए पैथजेनी नामक नया ओपन–सोर्स सॉफ्टवेयर विकसित किया।
- उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने उत्तराखंड विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा परीक्षा 2025 के लिए अधिसूचना जारी की।
- मौसम विज्ञान केंद्र ने आज उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ ही बर्फबारी की संभावना जताई।

अतिक्रमण

देहरादून की सड़कों पर मौजूद अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने को टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिए। श्री धामी ने सचिवालय में हुई बैठक में कहा कि देहरादून में जिन स्थानों पर सड़कों पर अतिक्रमण की समस्याएं आ रही हैं, उन्हें सख्ती से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, परिवहन और एमडीडीए टास्क फोर्स बनाकर सड़कों से लगातार अतिक्रमण हटाए। श्री धामी ने कहा कि अन्य जिलों में भी जहां सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या है, वहां लगातार कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमित अभियान के रूप में चले और दोबारा अतिक्रमण न हो, इसकी जिम्मेदारी तय की जाए।

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक वर्ष रहा है। इस वर्ष कई नीतियों का देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान रहा और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। हमारी विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज हम चर्चा कर रहे हैं– 2025 में भारत किस तरह दुनिया के नए उत्पादक देश के रूप में उभरा। एक रिपोर्ट।

बोर्ड परीक्षार्थियों

नैनीताल जिले के हल्द्वानी स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए आगामी 2 से 13 जनवरी तक अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी। जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविन्द राम जायसवाल ने आकाशवाणी को बताया कि राजकीय शिक्षक संघ की नैनीताल शाखा के अनुरोध पर कुछ प्रतिबंधों सहित शीतकालीन अवधि में अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन की अनुमति प्रदान की गई है।

खेल महाकुंभ 2025

खेल महाकुंभ 2025 के अंतर्गत आयोजित विधायक चैम्पियनशिप ट्रॉफी के तहत उत्तरकाशी जिले में विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। गंगोत्री विधानसभा की प्रतियोगिताओं का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान ने किया, जबकि पुरोला विधानसभा की खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ पुरोला विधायक द्वारा खेल मैदान पुरोला में किया गया। इस अवसर पर विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि इस तरह की खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को ई–कल्चर से निकालकर खेल मैदान तक लाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस भी क्षेत्र में रुचि हो, उसमें लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंचायत स्तर से ही प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि प्रदेश को बेहतर खिलाड़ी मिल सकें।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने रोगों के समुचित उपचार की दवाओं का तेजी से पता लगाने के लिए पैथजेनी नामक नया ओपन–सोर्स सॉफ्टवेयर विकसित किया है। मंत्रालय ने बताया कि यह ओपन–सोर्स सॉफ्टवेयर संभावित दवाओं के आकलन और चयन प्रक्रिया में तेजी लाएगा जिससे लागत कम होगी।

यातायात में बदलाव

प्रदेश भर में नव वर्ष की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस दौरान सैलानियों को जाम की समस्या कस सामना न करना पड़े इसके लिए देहरादून और पहाड़ों की रानी मसूरी के लिए यातायात के रूट में बदलाव किया गया है। प्लान 31 दिसंबर की रात तक प्रभावी रहेगा। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि नए वर्ष पर दूसरे प्रदेशों से बड़ी संख्या में पर्यटक देहरादून और मसूरी आते हैं। ऐसे में जाम की स्थिति पैदा न हो इसके लिए यातायात प्लान तैयार किया गया है। सीओ मसूरी मनोज असवाल ने बताया कि  नव वर्ष के जश्न के लिए मसूरी में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनात रहेगी। नए साल पर देर रात तक लगातार गश्त की जाएगी और हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक बढ़ने पर बड़ी बसों को किंग्रेग पर खड़ा किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर शटल सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस के साथ पीएसी की एक प्लाटून पुरूष, एक प्लाटून महिला की भी तैनात रहेगी।

कॅरियर जागरूकता कार्यक्रम

देहरादून जिले के पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजपुर रोड में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान देहरादून एवं मनोविज्ञान आदर्श केंद्र के सहयोग से दो दिवसीय कॅरियर जागरूकता कार्यक्रम उड़ान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को करियर से संबंधित विभिन्न जानकारियां दीं गई।

प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

शिक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की युवा लेखक मार्गदर्शन योजना पीएम–युवा के तीसरे चरण अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसके अंतर्गत 22 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में 43 पुस्तकों के प्रस्तावों का चयन किया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि चयनित पुस्तक प्रस्तावों को छह महीने में पुस्तकों के रूप में विकसित किया जाएगा।

अधिसूचना जारी

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने उत्तराखंड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग समूह–ग) (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) सेवा परीक्षा 2025 का अधिसूचना जारी कर दिया है। सामान्य एवं महिला शाखा के अंतर्गत प्रवक्ता के 808 पदों पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 31 दिसंबर से 20 जनवरी तक किए जा सकेंगे। सामान्य शाखा के तहत 15 विषयों के 725 पदों और महिला शाखा के तहत 12 विषयों के 83 पदों पर भर्ती होगी। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के प्रभारी सचिव जयवर्धन शर्मा ने बताया कि विस्तृत विज्ञापन आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है।

उत्तराखंड तीसरे स्थान पर

उत्तराखंड ने उत्तरप्रदेश के वाराणसी में हुए ऑल इंडिया प्राइज मनी फुटबॉल टूर्नामेंट में जालंधर को टाई ब्रेकर में 4–3 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में उत्तराखंड को उत्तर प्रदेश से 2–1 से हार मिली थी। वहीं दिल्ली ने टाई ब्रेकर में उत्तर प्रदेश को 4–2 से हराकर चैंपियन बना।

एक्सप्रेस ट्रेनों का

पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से टनकपुर से चलने वाली चार पैसेंजर और तीन एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रस्थान का समय एक जनवरी 2026 से बदल दिया गया है। रेलवे की ओर से नई समय सारणी जारी कर दी गई है। रेलवे स्टेशन अधीक्षक केडी कापड़ी ने बताया कि टनकपुर से पीलीभीत को चलने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 55 322 जो पहले सुबह 6 बजकर 50 मिनट पर प्रस्थान करती थी, वह अब 7बजे रवाना होगी। जबकि सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर टनकपुर से पीलीभीत के लिए संचालित पैसेजर ट्रेन संख्या 55 324 अब 11 बजकर 45 बजे पर चलेगी। टनकपुर से बरेली पैसेंजर ट्रेन संख्या 75 302 जो दोपहर बाद 3 बजकर 35 चलती थी अब वह 2 बजकर 55 मिनट पर रवाना होगी।

मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय जिलों में 31 दिसंबर को बारिश–बर्फबारी की संभावना है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया। मौसम केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार हैं। वहीं 32 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। उधर मैदानी जिले हरिद्वार, देहरादून, ऊधमसिंह नगर के साथ ही चंपावत, नैनीताल और पौड़ी में घना कोहरा छाया रहेगा। वहीं मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनज़र नैनीताल, हरिद्वार और उधमसिंह नगर जिलों में आज सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया। एक जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, देहरादून, – टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, अल्मोड़ा और चम्पावत में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान है।